No. of Printed Pages : 6

ES-221/ES-221 (Revised)

DIPLOMA IN PRIMARY EDUCATION (DPE)

Term-End Examination

June, 2019

00952

ES-221 : UNDERSTANDING THE PRIMARY SCHOOL CHILD

Time : 3 hours | *Maximum Weightage : 70%*

Note :

(i) ***All*** *questions are compulsory.*

(ii) *All questions carry equal weightage.*

---

1. Answer the following question in about 600 words :

   Describe the principles of child development with suitable examples.

   OR

   Describe various factors affecting physical and motor development among primary school age-group children.

2. Answer the following question in about 600 words :

Describe the factors affecting needs of children with suitable examples.

OR

Explain various factors that affect child's play.

3. Answer any ***four*** of the following questions in about 150 words each :

(a) Explain imaginative play with examples.

(b) Describe the activities a teacher can do to promote children's social development.

(c) Discuss how a disadvantaged home environment influences children's development.

(d) Explain physiological needs of children.

(e) Discuss the pattern of moral development.

(f) Discuss any two factors affecting language development in children.

4. Answer the following question in about 600 words :

Explain the concrete-operational stage of cognitive development. Discuss its implications for a primary school teacher in understanding children.

प्राथमिक शिक्षा में डिप्लोमा (डी.पी.ई.)

सत्रांत परीक्षा

जून, 2019

ई.एस.-221 : प्राथमिक विद्यालयी बालक को समझना

समय : 3 घण्टे *अधिकतम भारिता : 70%*

नोट :

(i) ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) सभी प्रश्नों की भारिता समान है ।

---

1. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :

बाल-विकास के सिद्धांतों का उचित उदाहरणों सहित वर्णन कीजिए ।

अथवा

प्राथमिक विद्यालय आयु-समूह के बच्चों में शारीरिक तथा गत्यात्मक विकास को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों का वर्णन कीजिए ।

2. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :

बच्चों की आवश्यकताओं को प्रभावित करने वाले कारकों का उचित उदाहरणों सहित वर्णन कीजिए ।

अथवा

बच्चे के खेल को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों की व्याख्या कीजिए ।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए :

(क) कल्पनाशील खेल की व्याख्या उदाहरणों सहित कीजिए ।

(ख) उन गतिविधियों का वर्णन कीजिए जिनको एक शिक्षक बच्चों के सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए कर सकता है ।

(ग) वंचित या अलाभान्वित घरेलू वातावरण बच्चों के विकास में किस प्रकार प्रभाव डालता है, चर्चा कीजिए ।

(घ) बच्चों की शरीरक्रियात्मक आवश्यकताओं की व्याख्या कीजिए ।

(ङ) नैतिक विकास के प्रतिरूप की चर्चा कीजिए ।

(च) बच्चों में भाषा विकास को प्रभावित करने वाले किन्हीं दो कारकों की चर्चा कीजिए ।

4. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :

संज्ञानात्मक विकास की मूर्त-संक्रियात्मक अवस्था की व्याख्या कीजिए । बच्चों को समझने में एक प्राथमिक विद्यालय शिक्षक हेतु इसके निहितार्थों की चर्चा कीजिए ।

ई.एस.-221 (संशोधित)

प्राथमिक शिक्षा में डिप्लोमा (डी.पी.ई.)

सत्रांत परीक्षा

जून, 2019

ई.एस.-221 (संशोधित) : प्राथमिक विद्यालयी बालक को समझना

समय : 3 घण्टे *अधिकतम भारिता : 70%*

नोट :

(i) ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) *सभी प्रश्नों की भारिता समान है ।*

---

1. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :

विद्यालय में शारीरिक विकास में बाधक कारकों की व्याख्या कीजिए । बच्चों के शारीरिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए शिक्षक की भूमिका की चर्चा कीजिए ।

अथवा

बच्चों को बेहतर समझने में संज्ञानात्मक विकास का अध्ययन शिक्षकों के लिए क्यों आवश्यक है ? वायगोत्स्की के अधिगम पर सामाजिक-सांस्कृतिक परिदृश्य एवं संज्ञानात्मक विकास पर चर्चा कीजिए ।

2. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :

कक्षा शोध के अर्थ और प्रक्रिया की व्याख्या कीजिए ।

अथवा

बाल-केन्द्रित शिक्षा से क्या अभिप्राय है ? बाल-केन्द्रित शिक्षा में शिक्षक की भूमिका की चर्चा कीजिए ।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए :

(क) विद्यालय में मूल्यांकन व परीक्षा की भूमिका की चर्चा कीजिए ।

(ख) बच्चों को समझने के सामान्य तरीकों की व्याख्या कीजिए ।

(ग) विद्यालयीकरण एवं बच्चों की सामाजिक पृष्ठभूमि को उनकी भाषायी संदर्भ में समझाइए ।

(घ) विभिन्न कठिन संदर्भों में बड़े होने/पलने वाले बच्चों की समस्याओं का वर्णन कीजिए ।

(ङ) शिक्षक के लिए मनोवैज्ञानिक विकास का अध्ययन क्यों महत्त्वपूर्ण है ?

(च) स्थूल एवं सूक्ष्म गत्यात्मक विकास में अंतर को उदाहरण सहित समझाइए ।

4. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :

बच्चों के विकास के संदर्भों के अध्ययन की आवश्यकता की व्याख्या कीजिए । एक प्राथमिक शिक्षक के रूप में यह अध्ययन बच्चों को समझने में कैसे सहायक होता है ? चर्चा कीजिए ।